## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य के सभी 48 नगर निकाय क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच मतगणना जारी, आने लगे शुरुआती रुझान, कई वार्डों के परिणाम घोषित।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरांत वेबिनार को किया संबोधित, कहा– विकसित भारत के लिए तकनीक और सुधार अनिवार्य।
3. विधानसभा में गूंजा बायो–मेडिकल वेस्ट का मुद्दा, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– धनबाद की दोषी एजेंसी के खिलाफ होगी जांच।
4. संथाल परगना को बड़ी सौगात; 1 हजार 444 करोड़ की हंसडीहा–महागामा फोरलेन बनकर तैयार, एनएचएआई की उच्च स्तरीय टीम ने की गुणवत्ता की जांच।
5. रांची में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता महिला साइकिलिंग ईस्ट जोन लीग शुरू, झारखंड समेत चार राज्यों के 450 साइकिलिस्ट ले रही हैं हिस्सा।

*********************

राज्य के 48 नगर निकायों के लिए आज सुबह से ही मतों की गिनती जारी है और अब शुरुआती रुझान भी आने शुरु हो गये हैं। कई वार्डों के चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिये गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्यभर के मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

*********************

कोडरमा के बागीटांड स्थित माइनिंग कॉलेज में झुमरी तिलैया, डोमचांच और कोडरमा नगर निकायों के लिए मतगणना जारी है। कुल 40 टेबल पर मतों की गिनती की जा रही है, जिसके लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि पारदर्शिता के लिए केंद्र के बाहर लाइव डिस्प्ले लगाया गया है।

*********************

उधर, गिरिडीह के पचंबा कृषि बाजार समिति में नगर निगम, धनवार और बड़की सरैया नगर पंचायत चुनाव की मतगणना जारी है। उपायुक्त राम निवास यादव ने बताया कि 166 केंद्रों के मतों की गिनती के लिए 192 कर्मी तैनात हैं। त्रिस्तरीय सुरक्षा और सीसीटीवी की निगरानी में निष्पक्ष मतगणना हो रही है।

*********************

पाकुड़ के बाजार समिति प्रांगण में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार और एसपी निधि द्विवेदी की मौजूदगी में मतों की गिनती शुरू करायी गयी। सबसे पहले वार्ड पार्षदों के परिणाम आएंगे। निष्पक्षता के लिए पूरे परिसर की सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है।

*********************

इधर, खूंटी कृषि बाजार समिति में कड़ी सुरक्षा के बीच नगर पंचायत चुनाव की मतगणना जारी है। 30 टेबलों पर 150 कर्मी वोटों की गिनती कर रहे हैं। अब तक 11 वार्डों के परिणाम घोषित हो चुके हैं, अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित रानी टूटी फिलहाल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रही हैं।

*********************

उधर, गुमला के कार्तिक उरांव महाविद्यालय में नगर परिषद चुनाव की मतगणना जारी है। 22 टेबल पर दो चरणों में मतों की गिनती की जा रही है। अध्यक्ष पद के 9 और वार्ड पार्षद के 112 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज होने वाला है। इधर, लोहरदगा में नगर निकाय चुनाव की मतगणना तेज गति से जारी है। अब तक छह वार्डों के मतों की गिनती पूरी हो चुकी है, जिसके बाद प्रत्याशियों के समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जल्द ही अन्य वार्डों के परिणाम भी स्पष्ट होने की उम्मीद है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन का विस्तार करने के साथ देश सुधार की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त

विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल घोषणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए।

*********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन आज धनबाद समेत राज्य के विभिन्न जिलों में बायो–मेडिकल वेस्ट के खराब निष्पादन का मामला जोर–शोर से उठा। विधायक चंद्रदेव महतो ने धनबाद की कार्यदायी एजेंसी पर लापरवाही के आरोप लगाए।

इसका समर्थन नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी किया। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने सदन को आश्वासन दिया कि दोषी एजेंसी के खिलाफ जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*********************

गोड्डा और दुमका जिले को जोड़ने वाली एनएच 133 फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 1 हजार 444 करोड़ 77 लाख की इस परियोजना की एनएचएआई की उच्च स्तरीय टीम ने गुणवत्ता जांच की। यह सड़क न केवल बिहार और बंगाल से झारखंड का संपर्क सुधारेगी, बल्कि कोयला ढुलाई और व्यापार के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

*********************

राजधानी रांची के हटिया इलाके में आज सुबह एक जंगली हाथी के घुस आने की खबर है। हाथी को रिहाइशी इलाके में देखकर स्थानीय लोगों में भयभीत हैं। सूचना मिलते ही झारखंड वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और हाथी को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

*********************

सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 0 दशमलव 8 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 610 अंक गिरकर 81 हजार 639 पर और निफ्टी 211 अंक गिरकर 25 हजार 285 पर आ गया।

इधर, रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 48 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 75 हजार रुपये प्रति किलोग्राम है।

*********************

रांची के खेल गांव स्थित वेलोड्रम स्टेडियम में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता महिला साइकिलिंग ईस्ट जोन लीग शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में झारखंड समेत बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की करीब 450 महिला साइकिलिस्ट हिस्सा ले रही हैं।

*******समाप्त*******